तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 महिला सरपंचों से दुर्व्यवहार के विरोध में सरपंच संघ...



12 जुआ-सट्टा को समाप्त करने जीरो टॉलरेंस नीति लागू होगी




## प्राइवेट सेक्टर में करियर के लिए खुले द्वार : लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्राइवेट सेक्टर में बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में 200 पदों पर भर्ती ली जाएगी। युवा इसके लिए निर्धारित साइट पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

जिले के युवा बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है। युवा सरकारी नौकरी की दौड़ में हैं, जबकि प्राइवेट सेक्टर में भी अच्छा कैरियर बनाया जा सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखकर 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी संस्थाओं द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी ने जानकारी दी कि मेले में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को पंजीयन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। रोजगार मेले में क्लाइंट डिलाइट एग्जीक्यूटिव और डाटा एंट्री ऑपरेटर के 50-50 पदों सहित सपोर्ट एग्जीक्यूटिव के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस प्रकार कुल 200 रिक्त पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने संस्थानों के वर्तमान एवं पूर्व छात्रों का मार्गदर्शन कर अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करें साथ ही इच्छुक युवाओं की सूची निर्धारित समयावधि में लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह रोजगार मेला जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित होगा, जहां उन्हें निजी क्षेत्र में सीधे रोजगार से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**रोजगार मेला में 200 पदों पर होगी भर्ती**



फाइल फोटो

## खबर संक्षेप

### धूमा में मानसगान स्पर्धा 10 से

**सिर्री।** ग्राम धूमा में श्रीराम मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान एवं संगीत कला प्रतियोगिता का आयोजन



10 से 12 अप्रैल तक रखा गया है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि लक्ष्मी दम्मानी शामिल होंगे। आयोजन में छग की ख्यातिप्राप्त लगभग 24 मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। समापन दिवस के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। आयोजन की तैयारी में भुनेश्वर साहू पूर्व सरपंच, केवल साहू, चमन साहू, ओंकार साहू, मोहनलाल, दिलीप, चुमन साहू, नरेश कुमार समेत अनेक ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### 35 स्कूलों में लघु निर्माण कार्य के लिए 2.97 करोड़ स्वीकृत

**धमतरी।** शासकीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु लघु निर्माण कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 97 लाख 38 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अंतर्गत जिले के कुल 35 शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में प्रार्थना शेड, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, टिन शेड एवं शाला मरम्मत जैसे कार्य किए जाएंगे। इसमें धमतरी के 23, नगरी के 8 और कुरूद के 4 स्कूल शामिल है। कार्यालय कलेक्टर से जारी आदेश के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच को निर्माण एजेंसी तथा संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। वहीं शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के लिए नगर पालिक निगम धमतरी को निर्माण एवं क्रियान्वयन एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस बस स्टैंड दो साल में होगा तैयार, 250 बसों की होगी क्षमता

## धमतरी में 20 करोड़ का हाईटेक बस स्टैंड निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बहुप्रतीक्षित हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। साइट क्लिनिंग और मिट्टी फिलिंग का काम चल रहा है। सीमेंट सहित अन्य मटेरियल रखने के लिए शेड भी तैयार किया जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि दो साल के भीतर बस स्टैंड बनकर तैयार हो जाएगा।

शहर का विस्तार होने और आबादी बढ़ने से अब धमतरी का नया बस स्टैंड छोटा पड़ने लगा है। काफी लंबे समय शहर से बाहर बस स्टैंड बनाने के लिए योजना है। स्वीकृति के बाद अब इस हाईटेक बस स्टैंड निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। खपरी मार्ग में बाईपास रोड के पास इसके लिए करीब 6 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है, जहां पर पिछले 15 दिन से सफाई, मिट्टी फिलिंग, सामग्री रखने के लिए शेड का निर्माण चल रहा है।



नगर नियम के उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि बस स्टैंड निर्माण का टेंडर आम एसोसिएट को दिया गया है। निर्माण की गुणवत्ता सहित अन्य कार्यों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। बस स्टैंड सिटी बस डिपो और अर्जुनी सब स्टेशन के पास बन रहा है।

### उन्नीस करोड़ से ज्यादा लागत

बस स्टैंड की लागत 19.67 लाख रुपए है। बस स्टैंड यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। आधुनिक वेटिंग हॉल, डिजिटल सूचना प्रणाली, टिकट काउंटर, स्वच्छ शौचालय, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग क्षेत्र और सुरक्षा व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। यहां लगभग 250 बस के आवागमन की क्षमता के अनुरूप प्लेटफॉर्म और पार्किंग स्पेस तैयार किया जाएगा, जिससे बसों का संचालन व्यवस्थित और सुगम हो सके। इसके अलावा परिसर में पुलिस सहायता केंद्र, रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट, स्थानीय व्यापारिक दुकानों के लिए कॉमर्शियल स्पेस, विश्राम कक्ष और यात्रियों के ठहरने के लिए पर्याप्त स्थान भी बनाया जाएगा। परियोजना के तहत हरित क्षेत्र और सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बस स्टैंड आधुनिक होने के साथ-साथ आकर्षक भी दिखाई दे।

### चारों दिशाओं में पहुंच मार्ग

बस स्टैंड निर्माण के साथ यहां पर मार्केट डेवलप करने की प्लानिंग है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक मिनी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट की भी योजना है। चारों दिशाओं से बेहतर सड़क पहुंच और परिसर के भीतर ई-रिक्शा स्टॉपेज की योजना है। नगर निगम ने थ्रीडी मैपिंग के जरिए बस स्टैंड का आधुनिक डिजाइन और विस्तृत रोड मैप तैयार कर लिया है।

## एक साल में 1.14 लाख हितग्राहियों को बांटे 28 करोड़ 20 लाख रुपए

- श्रम विभाग ने छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल योजना के तहत श्रमिकों को दिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्रम विभाग ने जिले के पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों को व्यापक रूप से योजनाओं का लाभ दिलाया है। 1.14 लाख से अधिक निर्माणी श्रमिक एवं उनके परिवार को 16 योजनाओं में 28.20 करोड़ रूपये का वितरण किया है। 53 हजार से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति बांटी गई वहीं 47 हजार से अधिक बच्चे को गणवेश एवं पुस्तक कापी के लिए सहायता राशि दी गई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में 1.30 लाख से अधिक निर्माणी श्रमिकों का छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीयन है। इस मंडल अंतर्गत 39 प्रकार की योजनाएं संचालित हैं। 16 योजनाओं में 1 लाख 14 लाख 31 लोगों को 28 करोड़ 20 लाख 89 हजार रूपये का लाभ वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिया गया है। श्रमिकों को व्यापक रूप से लाभान्वित करने के मामले में धमतरी जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में 53766 छात्र-छात्राओं को 10 करोड़ 37 लाख 15 हजार रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कापी सहायता राशि योजना में 45727 छात्रों को 5 करोड़ 98 लाख 72 हजार रूपये की राशि दी गई है। मिनीमाता महतारी जतन योजना में 2026 हितग्राही को 4 करोड़ 5 लाख 20 हजार की राशि जारी गई है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 1160 हितग्राही को 2.32 करोड़ रूपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 173 हितग्राही को 1.77 करोड़, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना में 3012 हितग्राही को 1 करोड़ 11 लाख 56 हजार रूपये, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना में 244 हितग्राहियों को 84.62 लाख रूपये, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना में 311 हितग्राही को 62.20 लाख रूपये, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना में 37 हितग्राही को 37 लाख रूपये, निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना में 2187 हितग्राही को 32.80 लाख रूपये, नोनी बाबू मेधावी छात्र-छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 603 हितग्राही को 39.20 लाख रूपये, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना में 36 हितग्राही को 2.84 लाख रूपये, उत्कृष्ट योजना के तहत 12 हितग्राही बच्चों को 60 हजार रूपये से लाभान्वित किया गया है।



फाइल फोटो

### योजनाओं के क्रियान्वयन में धमतरी जिला प्रदेश में दूसरा

जिला श्रम पदाधिकारी एनके साहू ने बताया कि निर्माण श्रमिक एवं उनके आश्रितों का योजनाओं का लाभ दिलाने में धमतरी जिला रायपुर के बाद दूसरे स्थान पर है। 16 प्रकार की योजनाओं में 1 लाख 13 हजार 395 हितग्राहियों को 28 करोड़ 20 लाख 89 हजार रूपये की सहायता राशि दी गई है। इसके अलावा 727 बच्चों को निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना तथा 5 विद्यार्थियों को अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का लाभ तथा 9 हितग्राही श्रमिक पेंशन सहायता योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों के आवेदन की जांच करने के बाद रिपोर्ट रायपुर मुख्य कार्यालय भेजी जाती है। मुख्य कार्यालय से ही हितग्राहियों के खाते में संबंधित योजनाओं की राशि ट्रांसफर की जाती है।

## फुटहामुड़ा नहर से वैकल्पिक नाली पूर्ण कराने की मांग

- खरीफ फसल में सिंचाई व्यवस्था की मांग को लेकर बनबगौद के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फुटहामुड़ा नहर निर्माण से आगामी खरीफ फसल में सिंचाई को लेकर आने वाली समस्या एवं समाधान के लिए ग्राम बनबगौद के किसानों ने कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। समय पूर्व सिंचाई व्यवस्था बनाने की मांग की गई है। कुकरेल तहसील के ग्राम बनबगौद निवासी राकेश ध्रुव, दुलारूराम साहू, देवसिंग, अशोक ध्रुव, रामप्रसाद सिन्हा, धनीराम ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि बहुप्रतीक्षित फुटहामुड़ा नहर निर्माण कार्य संचालित है जो ग्राम बनबगौद से होकर गुजर रहा है। नहर निर्माण इस प्रकार किया जा रहा है कि पूर्व में सिंचाई के लिए बनाए गए गाड़ाघाट व्यपवर्तन से निर्मित छोटी नाली का अस्तित्व समाप्त हो गया है। इस छोटी नाली से 600 एकड़ रकबा में सिंचाई होती थी। अब 10 एकड़ में सिंचाई होना असंभव है। गत खरीफ फसल में बारिश के दिनों से सिंचाई विभाग द्वारा वैकल्पिक नाली का निर्माण किया जा रहा था। वह अपूर्ण है जिसे समय रहते पूर्ण किया जाये तो खरीफ फसल में इस समस्या से बचा जा सकता है। उन्होंने वैकल्पिक नाली को पूर्ण कराने की मांग की है।



## महुआ बीनने गई मां-बेटी पर जंगली सुअर ने किया हमला, गंभीर

- घोरागांव की घटना, जिला अस्पताल में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जंगल में महुआ एकत्रित करने गई मां व उसकी तीन साल की बेटी पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया है। घायल मां-बेटी का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

गर्मी का सीजन लगते ही वनांचल के गांव के आसपास वन्य प्राणियों का खतरा बढ़ जाता है। वन्य प्राणी भोजन व पानी की तलाश में जंगलों से निकलकर रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं जहां अक्सर वन्य प्राणियों का लोगों से आमना-सामना होता है। अभी वनांचल के ग्रामीण सुबह से महुआ बीनने के लिये जंगल चले जाते हैं जिसके कारण लोगों पर वन्य प्राणियों द्वारा हमला करने की घटना बढ़ गई। बीते दिनों ग्राम खैरडिगी की महिला राजाराव पठार के पास महुआ एकत्रित करने गई थी जहां तीन भालुओं ने महिला पर हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। इसी तरह पुरूर के ग्राम आनंदपुर में एक जंगली सुअर ने गांव में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। गांव के तीन लोगों को घायल करने के बाद घर में खाना खा रही एक महिला को घायल कर दिया था। वहीं सोमवार को ग्राम बंजारी की एक महिला व युवक खेत में काम करने गये थे जहां एक जंगली सुअर ने उन पर हमला कर दिया। इसी तरह ग्राम जवरगांव की एक महिला भी जंगली सुअर के हमले से घायल हुई है।





जंगली सुअर के हमले की एक घटना मंगलवार की सुबह सांकरा परिक्षेत्र के जंगल में हुई है। नगरी ब्लाक के ग्राम घोरागांव निवासी सिरमोतिन पति बिहारी लाल उम्र 30 वर्ष अपनी तीन साल की बेटी दीपाली के साथ महुआ बीनने जंगल गई थी। इस दौरान अन्य ग्रामीण भी जंगल गये थे जहां सभी इधर-उधर फैलकर महुआ एकत्रित कर रहे थे। महिला भी अपनी बेटी के साथ महुआ एकत्रित करने में जुटी थी। इसी दौरान झुरमुट से निकलकर एक जंगली सुअर अचानक सामने आया और महिला और बच्ची पर हमला बोल दिया। महिला के चिल्लाने की आवाज सुन आसपास महुआ बीन रहे ग्रामीण मदद के लिये आये, जिसे देख जंगली सुअर जंगल में भाग गया। इस हमले में महिला व उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को किसी तरह गांव लाकर संजीवनी 108 को सूचना दी गई। नगरी लोकेशन की संजीवनी 108 के पायलट प्रवीण दास व ईएमटी दुर्गेशनंदनी एम्बुलेंस के साथ तत्काल घोरागांव पहुंचे और घायलों को नगरी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद रिफर करने पर घायल मां-बेटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### परिवार में लंबे समय बाद आई बेटी, समाज को दिया सकारात्मक संदेश

## ‘बेटी हुई है’ का बैनर लगाकर मनाया जश्न, बदल रही है सोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से एक बेहद प्रेरणादायक और दिल छू लेने वाली तस्वीर सामने आई है, जहां बेटी के जन्म पर एक परिवार ने अनोखे अंदाज में जश्न मनाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। मकेश्वर वार्ड निवासी टंडन परिवार में लंबे समय बाद बेटी के जन्म की खुशी इस कदर छाई कि उन्होंने इसे पूरे शहर के साथ साझा करने का फैसला किया।

परिवार ने बैंड-बाजे के साथ सड़कों पर जश्न मनाया और अपनी कार के पीछे “बेटी हुई है” का आकर्षक बैनर लगाकर शहरभर में घूम-घूम कर खुशियां बांटी। इस अनोखे जश्न को देखने के लिए राहगीर रुकते नजर आए। लोगों ने मुस्कुराते हुए परिवार को बधाइयां दीं। शहरवासियों ने भी इस पहल की जमकर सराहना की।




### बेटी का जन्म वरदान से कम नहीं: सदस्य

परिवार के सदस्यों ने बताया कि बेटी का जन्म उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। लंबे इंतजार के बाद घर में आई नन्ही लक्ष्मी ने पूरे परिवार में उत्सव जैसा माहौल बना दिया है। घर में खुशियों का माहौल है और रिश्तेदारों के साथ-साथ मोहल्लेवासी भी इस खुशी में शामिल हो रहे हैं।

### समाज में फैलेगी जागरुकता

यह जश्न सिर्फ एक परिवार की खुशी नहीं, बल्कि समाज के लिए एक सशक्त संदेश भी है। आज भी देश के कई हिस्सों में बेटियों को बोझ समझा जाता है, लेकिन धमतरी का यह उदाहरण सोच बदलने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। टंडन परिवार का यह कदम न केवल बेटी के प्रति सम्मान को दर्शाता है, बल्कि समाज में जागरुकता फैलाने का भी कार्य कर रहा है। यह अनोखा जश्न लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है और महिला सम्मान की मिसाल पेश कर रहा है।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ता पार्टी का दूत बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं : प्रेमलता

**नगरी।** जिले में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति प्रेमलता नागवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है, जो देश के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पार्टी की विचारधारा, सिद्धांत और नीतियां ही उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का दूत बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करे। प्रेमलता नागवंशी ने आगे कहा कि आज का दिन हमें उन महान नेताओं और कार्यकर्ताओं के योगदान को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपने समर्पण और त्याग से पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

### विधायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुमन ताई ठोकने को दी श्रद्धांजलि



**अंवरी।** ग्राम सिरसिदा निवासी एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. कमलेश ठोकने की माताजी श्रीमती सुमन ताई ठोकने का निधन हो गया। विधायक अजय चंद्राकर एवं भखारा भाजपा मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मौके पर श्रीमती ज्योति जैन नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा भठेली, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, विष्णु साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत, रवि सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू, आनंद यदु, छत्रपाल बैस, सतीश जैन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, गौतम जैन, एवन साहू, सिंधु बैस जनपद सदस्य, रामगोपाल देवांगन समेत अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती चंद्रकला भोंसले



**धमतरी।** बांसपारा वार्ड निवासी सेवानिवृत शिक्षिका चंद्रकला भोंसले (85 वर्ष) का निधन हो गया। वे अमृतराव भोंसले की मां एवं हाईस्कूल कोलियारी में पदस्थ व्याख्याता स्वाति भोंसले की सास थी। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया जहां बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उनके आकस्मिक निधन पर हाईस्कूल कोलियारी एवं संकुल के शिक्षकों ने शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### बुधियारिन साहू



**मगरलोड।** ग्राम कपालफोड़ी निवासी बुधियारिन साहू उम्र 95 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में गया। वे सुरेश साहू , झाडूराम साहू, तेजराम साहू, हेमलाल साहू की मां और नूतन साहू, गणेश साहू, ओमप्रकाश, चेतन, चेमन, जानू की दादी थीं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


### अधूरी मरम्मत से बढ़ी परेशानी, मोटरसाइकिल चालकों के लिए मार्ग हुआ खतरनाक

# बेलर-जैतपुरी मार्ग बदहाल, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बेलर से जैतपुरी तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी हुई डामर के कारण आवागमन करना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। खासकर रात के समय मोटरसाइकिल चालकों के लिए यह मार्ग खतरनाक साबित हो रहा है, जहां अब तक कई लोग दुर्घटनाओं का शिकार होकर घायल हो चुके हैं, वहीं कुछ मामलों में जान भी जा चुकी है।





ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पैच रिपेयरिंग का कार्य तो किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य अधूरा और लापरवाहीपूर्ण है। कई बड़े गड्ढों को नजरअंदाज कर केवल नाममात्र की मरम्मत की जा रही है, जिससे समस्या और अधिक गंभीर हो गई है। सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढों की भरमार के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों को दैनिक आवागमन में कठिनाई हो रही है। बड़े वाहनों और बसों को भी रास्ता देने में भारी परेशानी होती है।

यह मार्ग बेलर, घुरावड़, बरबाधा, भुरसीडोंगरी होते हुए जैतपुरी (जिला कांकेर) तक का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे नगरी और धमतरी मुख्यालय तक पहुंचा जाता है। लेकिन लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण इसकी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। बरसात के मौसम में तो यह सड़क पूरी तरह कीचड़ में बदल जाती है, जिससे स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं और सड़क की पूर्ण मरम्मत व नए निर्माण की मांग भी कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लोगों में धीरे-धीरे आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

सरपंच महेश राम नेताम, पूर्व सरपंच पीलाराम नेताम, राजन लाल कोराम, इतवारी राम, विमल कुमार, बिदेराम नेताम, तिलकराम नेताम सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि नगरी एवं धमतरी मुख्यालय तक पहुंचने के लिए यही प्रमुख मार्ग है, जिसकी खराब स्थिति के कारण लोगों को अतिरिक्त समय और जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी प्रशांत साहू ने बताया कि स्वीकृत कार्यों पर काम जारी है और आगे स्वीकृति मिलते ही शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**पुरी।** मानव कल्याण स्वर्ग धाम सेवा समिति छाती एवं श्रीराम जानकी मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया। कामता प्रसाद वैष्णव महाराज के माध्यम से बुजुर्गों ने हनुमान जी के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्री राधे कृष्ण मानस परिवार छाती की प्रस्तुति हुई। संचालन समिति ने गांव के बुजुर्गों का श्रीफल एवं हनुमान गमछा से सम्मान किया। उपसरपंच रमेश यादव ने कहा कि मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति भूमिहीन परिवार के निधन होने पर आर्थिक सहायता देती है। श्री राम जानकी मंदिर समिति छाती के संरक्षक दूदेश्वर यदु ने कहा कि हनुमानजी ने भगवान श्री राम के संकटों पर काम किया और इसलिए संकट मोचन कहलाए। ललित साहू सोसाइटी छाती अध्यक्ष ने कहा कि भक्तिमय वातावरण में हनुमान चालीसा, महाआरती का पाठ किया गया। रात्रि में जय मां शीतला पंडवानी पार्टी राजपुर जिला गरियाबंद ने महाभारत की कथा से सैकड़ों लोगों का मन जीता। खेमिन निषाद ने महाभारत की कथा सुनाई। यह जानकारी नरेंद्र साहू ने दी।

## भाजपा में फूट चरम पर, अपने ही पार्षदों का विद्रोह विकास विरोधी राजनीति का सबूत : लक्ष्मी ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी में सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर भाजपा के दो पार्षदों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सामूहिक इस्तीफे के मामले ने क्षेत्र की राजनीति को गर्मा दिया है। इस घटनाक्रम पर सिहावा विस क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए इसे भाजपा की अंदरूनी कलह और विकास विरोधी मानसिकता का खुला प्रमाण बताया है।

श्रीमती ध्रुव ने कहा कि यह कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं है,



बल्कि भाजपा संगठन के भीतर गहराई तक फैली असंतोष, गुटबाजी और नेतृत्व की विफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के अपने ही निर्वाचित पार्षद और समर्पित कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर विरोध करने को मजबूर हो जाएं, वह पार्टी जनता के हितों की रक्षा करने का नैतिक अधिकार खो चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता स्वयं विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। जब उनके ही कार्यकर्ता इस सच्चाई के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, तो यह साफ संकेत है कि भाजपा का वास्तविक चेहरा अब जनता के सामने आ चुका है। आगे कहा कि सरकारी संपत्ति किसी भी व्यक्ति या नेता की निजी जागीर नहीं हो सकती। यदि किसी भी प्रकार से सरकारी भवन या संसाधनों पर कब्जा कर जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है, तो भाजपा नेताओं को नैतिकता का परिचय देते हुए तत्काल उस संपत्ति को छोड़ देना चाहिए। श्रीमती ध्रुव ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## 'पहली रोटी गाय के नाम' संस्था ने बढ़ती मांग पर शुरू की नई रोटी मेकिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सेवा और समर्पण की मिसाल बन चुकी पहली रोटी गाय के नाम संस्था ने बढ़ती मांग को देखते हुए एक और रोटी बनाने की मशीन का शुभारंभ किया। प्रमुख समाजसेवी एवं सेवादार अनिल बरडिया और कुरूद विधानसभा के पूर्व विधायक लेखराम साहू की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर नई मशीन का उद्घाटन किया गया। अशोक राइस मिल, बस स्टैंड के पीछे स्थित परिसर में यह सेवा प्रतिदिन सुबह 4 बजे से 10 बजे तक संचालित होती है। संस्था की शुरुआत वर्ष 2025 में दीपावली के दिन मात्र 30 किलो आटे से हुई थी, जो आज बढ़कर 5 क्विंटल तक पहुंच गई है। वर्तमान में रोटियां धमतरी सहित चारामा, लखनपुरी, कुरूद और भानुप्रतापपुर-कांकेर तक भेजी जा रही हैं।



लेखराम ने बताया कि पहले एक मशीन से 13-14 हजार रोटियां बनती थीं, लेकिन मांग बढ़ने से अतिरिक्त मशीन की जरूरत पड़ी। इस सेवा कार्य में प्रदीप जैन, मुकेश बैद, योगेश महावर, प्रदीप छाजेड़ सहित कई सेवादार भूमिका निभा रहे हैं।

## भखारा अस्पताल को मिली नई एम्बुलेंस

- विधायक अजय चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भखारा अस्पताल को राज्य सरकार की ओर से एक नई एंबुलेंस प्रदान की गई। इस एंबुलेंस का शुभारंभ विधायक अजय चंद्राकर ने हरी झंडी दिखाकर किया।



इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्रामीण और नगर क्षेत्र में समय पर इलाज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और एंबुलेंस जैसी सुविधाएं आपातकालीन स्थितियों में मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित होती हैं। उन्होंने बताया कि इस एंबुलेंस के उपलब्ध होने से भखारा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को अब बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। गंभीर मरीजों को समय पर बड़े अस्पतालों तक पहुंचाने में यह एंबुलेंस अहम भूमिका निभाएगी। जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने राज्य सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति जैन नगर पंचायत अध्यक्ष, पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, गीतेश्वरी साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, विष्णु साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत, रवि सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष, सीएमओ संतोष विश्वकर्मा, रामस्वरूप साहू, आनंद यदु, छत्रपाल बैस, सतीश जैन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, भाजपा भखारा मंडल महामंत्री गौतम जैन, एवन साहू, श्रीमती सिंधु बैस जनपद सदस्य, दुलार सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कंडेल कालेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाई, रेडक्रॉस यूनिट एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो रविश दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को भी विकसित करते हैं।



प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पोषण, रोग-निवारण एवं स्वस्थ जीवनशैली जैसे विषयों पर आकर्षक एवं प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दिवान, नूतन दीवान, टकेश्वर साहू सहित अतिथि व्याख्याता डॉ ऋचा शुक्ला, डॉ संगीता गोयल, मानूनारायण सारथी, टिकेन्द्र वर्मा, सविता लहरे, दीक्षा सोम, आयाज अहमद खान, राधिका साहू समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## शक्ति केंद्र के आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

मानस शक्ति केंद्र मरौद के तत्वावधान में प्रज्ञा मानस भवन मरौद में श्रीराम नवमी व श्री हनुमंत जन्मोत्सव पर संगोष्ठी व श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। शक्ति केंद्र के आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई। आगामी तुलसी जन्मोत्सव ग्राम परसवानी ,दीपावली मिलन नवागांव, होली मिलन भाठागांव ,श्रीराम नवमी व हनुमान जन्मोत्सव गोबरा में आयोजित किये जाने का निर्णय किया गया। राजमानस संघ के संरक्षक शिवदयाल साहू, आरआर साहू सलाहकार ने शक्ति केंद्र की कार्य योजना को सराहा। संरक्षक पुरानिक राम साहू, बिसहत राम साहू, गोपी साहू, खूबलाल साहू, मकसूदन पटेल ने भी अपने विचार रखे। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष नेतराम साहू व सचिव हेमराज भार्गव ने किया। अध्यक्ष दीपक गुहा ने कहा कि सभी मानस मंडली शक्ति केंद्र के प्रत्येक आयोजन में सहभागी बनने का प्रयास करें। मौके पर उपाध्यक्ष रुद्रनाथ साहू, पुष्पा चंद्राकर सचिव, रोहित दीवाना, थानुराम विश्वकर्मा, शंकर साहू, प्रीतम साहू, परस साहू मीडिया प्रभारी, पोखन साहू, केशव ओझा, सत्यवान पटेल, प्रकाश साहू, संजू वैष्णव, शैलेन्द्र धीवर समेत अन्य उपस्थित थे।



## वनस्पति विज्ञान विभाग की तीन छात्राएं विवि की मेरिट सूची में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर 2025 की मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे नगरी क्षेत्र एवं आदिवासी अंचल का नाम गौरवान्वित किया है। इस मेरिट सूची में एमएससी वनस्पति विभाग की तीन छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। चेल्सी देवांगन ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित किया है।




दिव्य भारती ने 8वां स्थान तथा सुश्री रेणुका साहू ने 9वां स्थान प्राप्त किया है। विभाग की छात्र भगवती मरकाम ने भी जीडी कॉन्स्टेबल में चयनित होकर विभाग का मान बढ़ाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेधावी छात्राओं को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, समर्पण एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विभागाध्यक्ष प्रो. कौशल नायक ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी निरंतर लगन, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रतिफल है। प्रो. लोकेश्वरी राठिया सहायक प्राध्यापक ने कहा कि ऐसे माता-पिता अपने आप में प्रेरणास्त्रोत हैं जो सामाजिक पिछड़ापन को दूर कर बेटियों को पढ़ने व आगे बढ़ने में प्रेरित करते हैं।

### मुल्ले की ग्रामसभा में फैसला : नियम तोड़ने पर जुर्माना के साथ सरकारी लाभ से होंगे वंचित

# अवैध शराब बेचते पाए जाने पर 51,000 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

क्षेत्र के ग्राम मुल्ले में नशा मुक्ति को लेकर एक सशक्त अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत मुल्ले एवं ग्रामवासियों की बैठक में गांव को नशामुक्त बनाने के लिए कई कड़े निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि गांव में अवैध शराब बेचते पाए जाने पर 51,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, वहीं सार्वजनिक स्थानों जैसे चौक-चौराहों पर शराब पीते पकड़े जाने पर 21,000 रुपये का दंड निर्धारित किया गया है।

किराना दुकानों और ठेलों पर खुले में डिस्पोजल बेचने पर 11,000 रुपये का जुर्माना होगा। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, बीड़ी या किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु बेचने पर 10,000 रुपये का दंड लगाया जाएगा। गांव में जुआ खेलते या खिलाते पाए जाने पर भी 10,000 रुपये का जुर्माना तय किया गया है।



ग्रामसभा ने यह भी निर्णय लिया कि बाहरी लोगों का गांव में शराब खरीदने के लिए आना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी व्यक्ति द्वारा इन नियमों का उल्लंघन करने पर उसे सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जाएगा।

मौके पर सरपंच श्रीमती जयश्री डहरिया सहित ग्राम संगठन के पदाधिकारी भागीराम साहू, अर्जुन सोनवानी, देवनारायण टंडन, सरपंच प्रतिनिधि संदीप डहरिया, प्रेमचंद साहू, रोहित निर्मलकर, हिमेश्वरी गायकवाड़, बसंती सोनवानी, त्रिवेणी साहू, दिलीप साहू तथा चौकी प्रभारी बिरेझर अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बच्चों ने न्योता भोज में भजिया, बड़ा खाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गिरौद की मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन समूह के अध्यक्ष, सदस्यों द्वारा हनुमान जयंती पर बच्चों को न्योता भोज के रूप में भजिया, बड़ा खिलाया गया। शिक्षकों द्वारा हनुमान जी की महिमा और भजन सुनाया गया।

मौके पर प्रधानपाठक माखनलाल साहू, शिक्षक कमलनारायण निषाद, हरेंद्र साहू, गीता, मानकुंवर उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करने का लिया संकल्प



**धमतरी।** ग्राम अरौद (ली) में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सशक्त माध्यम है। पार्टी ने अपने स्थापना काल से ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ देश और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करता है। मौके पर सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, बूथ अध्यक्ष सुशील निषाद, पूरण ध्रुव, धनीराम साहू, लोकेश्वरी साहू, गीता सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

### खरेंगा में भाजपा का स्थापना दिवस मना



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस अटल चौक खरेंगा में मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर देश की प्रगति की कामना की। इस दौरान हिरेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण को जाता है।

### बोड़रा स की आंगनबाड़ी में हुआ न्योता भोज



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बोड़रा के आंगनबाड़ी क्रमांक 3 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टिकेश्वरी साहू के सहयोग से न्योता भोज का आयोजन किया गया। तीनों आंगनबाड़ी के 40 बच्चों को पूरक पोषण आहार के रूप में पूड़ी, खीर, बड़ा, दाल, चावल सब्जी आदि का वितरण किया गया। बच्चों को पुष्पेंद्र साहू द्वारा पानी पीने की बॉटल वितरित की गई। मौके पर सुपरवाइजर ममता चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता साहू, मधु विश्वकर्मा, टिकेश्वरी साहू, आंबा कार्यकर्ता करीना देवांगन, पेमिन साहू, रुक्मणि यादव, धर्मिन साहू उपस्थित थी।

### राजमानस संघ ने स्व. जगन्नाथ को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** मानस शक्ति केंद्र छुही के अध्यक्ष, मानसगान के व्याख्याकार जगन्नाथ साहू का आकस्मिक हो गया। राजमानस संघ के अध्यक्ष



अर्जुनपुरी गोस्वामी, सचिव डॉ जेएल देवांगन, प्रवक्ता डॉ भूषणलाल चंद्राकर, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू ने बताया कि उनके निधन से मानस जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर संरक्षक सियाराम साहू, खूबलाल साहू, पुराणिक राम साहू, खिलेश्वरी किरण, कोदूराम चंद्राकर, डोमारसिंह दादरा, शिवदयाल साहू, डां. जेएल देवांगन, दानीराम साहू, एनआर यादव, योगेश्वर साहू, महेंद्र साहू, गुरुशरण साहू समेत अन्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### गवर्निंग कौंसिल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए



**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल द्वारा दो दिवसीय वर्कशॉप, सम्मान समारोह एवं गवर्निंग कौंसिल बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जस्टिस प्रकाश टाटिया (पूर्व मुख्य न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय) व विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं वैश्विक वक्ता श्रीमती रूमा देवी थीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में संगठन की गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं एवं सामाजिक सेवा के नए आयामों पर चर्चा की गई। गवर्निंग कौंसिल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ जोन से जोन चेयरमैन ज्ञानचंद लुनावत एवं नीलू लुनावत उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक कलाकार पीयूष पवार व शैली जैन ने शानदार प्रस्तुति दी। लंगा पार्टी के कालबेलिया नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन व महासचिव सोहनलाल बैद ने आभार व्यक्त किया।

### जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



**धमतरी।** नवागांव (कंडेल) में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय मंगल भजन एवं समागम समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के जागरण के सशक्त माध्यम हैं। यह मंच समाज को एकजुट कर विकास की नई दिशा देने का कार्य करता है। सतनामी समाज सदैव सत्य, सेवा और समरसता के पथ पर अग्रसर रहा है, जो पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आगे कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को सम्मान, अवसर और अधिकार दिलाना हमारी प्रतिबद्धता है। जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है और उसी विश्वास के बल पर हम धमतरी को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## चेतावनी : दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

# महिला सरपंचों से दुर्व्यवहार के विरोध में सरपंच संघ ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





विकासखंड नगरी में महिला सरपंचों के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में सरपंच संघ नगरी ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। सर्व आदिवासी समाज भवन से रैली निकालते हुए बड़ी संख्या में सरपंच एवं जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत नगरी पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी करते दिखाई दिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सचिव हटाओ के नारे भी लगाए गए।

सरपंच संघ ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत सेमरा, भीतरराज, आमगांव सहित अन्य पंचायतों में पदस्थ कुछ सचिवों द्वारा महिला सरपंचों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही उनके कार्यों में सहयोग नहीं करने, दबाव बनाने एवं समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। संघ का कहना है कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है।

संघ ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत सेमरा के सचिव को नगरी ब्लॉक से हटाकर उनके मूल ब्लॉक में वापस भेजने की मांग की है। संघ का कहना है कि अन्य ब्लॉकों से आए सचिवों द्वारा आदिवासी एवं महिला जनप्रतिनिधियों के साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है, जो न केवल जनप्रतिनिधियों का अपमान है, बल्कि पंचायत व्यवस्था की गरिमा के भी खिलाफ है।

सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव ने कहा कि महिला सरपंचों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 2 दिन के भीतर संबंधित सचिव के खिलाफ उचित कार्रवाई एवं स्थानांतरण नहीं किया गया, तो सरपंच संघ उग्र आंदोलन एवं चक्का जाम करने को बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान अध्यक्ष उमेश देव, महासचिव नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष उत्तम नेताम, संरक्षक अकबर मंडावी, डोमार सिंह नेताम, सोमनाथ सोम, रामकुमार सामस्थ, उपाध्यक्ष राधेश्याम नेताम, रेमन्त साहिल्य, नगीना सोग, रोमी ध्रुव सहित सरपंच संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस मामले में जनपद पंचायत नगरी के सीईओ रोहित बोरझा ने कहा कि स्थानांतरण का अधिकार उच्च स्तर का विषय है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ को प्रतिवेदन भेजकर अवगत करा दिया गया है। उन्होंने शीघ्र ही उचित निराकरण किए जाने की बात कही।

## राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका : रवि



- भाजपा के स्थापना दिवस पर नगरी मंडल में ध्वजारोहण एवं संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस नगरी मंडल द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक 13 स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। रावणभाटा स्थित पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर दुबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करने वाला संगठन है।

प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही कारण है कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाकर तथा सोशल मीडिया पर पार्टी ध्वज के साथ फोटो साझा कर स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सुलोचना साहू, रूपेंद्र साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, दीनदयाल सेन, बल्लू सेन, अंबिका ध्रुव, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, मोहन नाहटा, अजय नाहटा, राम गोपाल साहू, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, राजू गोसाई, प्रेमलता नागवंशी, अजय ध्रुव, यश साहू, दीनदयाल यादव, राजशेखर नायर, राजू पटेल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि स्मारक पर जलाए दीप

**नगरी।** भारत को नक्सलवाद से मुक्ति मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बेलर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान बलिदानी स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित कर देश के अमर सपूतों को नमन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन एवं मंडल अध्यक्ष लिलेश प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। सभी ने शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति देश के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो चुकी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अगस्त 2024 में लिए गए संकल्प को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में साकार किया गया है।

## शिविर में तनावमुक्त जीवन जीने की कला सीखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आर्ट ऑफ़ लिविंग की धमतरी इकाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सहज समाधि ध्यान योग शिविर का स्थानीय कबीर आश्रम में समापन 5 अप्रैल को हुआ। मुख्य प्रशिक्षक स्वामी शिवतेज ने साधकों को बीज मंत्र द्वारा ध्यान की गहराइयों में ले जाकर आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराया। सहज समाधि योग की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया, जिससे प्रतिभागियों को तनावमुक्त जीवन जीने और आत्मिक विकास के महत्वपूर्ण सूत्र प्राप्त हुए। शिविर के सह प्रशिक्षक एवं आयोजक कोमलप्रसाद थवाइत, सुमीता पंजवानी, पीएन साहू एवं रमाकांत सरोज थे। इस कार्यक्रम में मोहन साहू, चंद्रिका प्रसाद देशमुख, शमीम रहमान, थेलेश साहू, जेपी अग्रवाल, कविता अग्रवाल, अपूर्व थवाइत, मंजू जलधर, मयंक पटेल, नीति पटेल, जागृति मूलवानी, प्रियंका देशमुख ने भाग लिया।

## छग केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत

- राजेश साहू बने प्रदेश उपाध्यक्ष, 22 जिलों की भागीदारी से संपन्न हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के चुनाव में जिला औषधि विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष राजेश साहू के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर जिले में हर्ष का माहौल है। प्रदेशाध्यक्ष उपाध्यक्ष राजेश साहू, महासचिव अविनाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन पालीवाल, सहसचिव अजय अग्रवाल, संगठन सचिव सुरेश शर्मा एवं पीआरओ अरुण मिश्रा चुने गए।

धमतरी आगमन पर सभी पदाधिकारियों का जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय में भी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोहिताश मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा स्वागत किया गया। यह चुनाव पूरे प्रदेश के 22 जिलों की सहभागिता से हुआ। मतगणना में अरुण मिश्रा को 303, राजेश साहू को 292, पवन पालीवाल को 267, सुरेश शर्मा को 258, अजय अग्रवाल को 243, अविनाश अग्रवाल को 236 मत प्राप्त हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी सुधीर अग्रवाल थे।

इस अवसर पर मनीष चंद्राकर, सतराम वाशानी, नीरज किरण, तेजपाल जैन, बलराज खंडेलवाल, दिनेश डे, रूपेंद्र साहू, नितेश हिरवानी, अशोक दुबानी, नवीन साहू, रिखब जैन, कवल साय साहू, प्रदीप जैन, अशोक शर्मा, धर्मेंद्र केसरवानी, घनाराम साहू, संजय मुंजवानी, गोपाल गांधी, अकरम अली, दिपेश मेहता, रोशन साहू, गजेंद्र साहू, इंदु हिंदूजा, दीनदयाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## छाती सोसाइटी में 1 करोड़ 23 लाख से अधिक की चना खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी(धमतरी)

इस वर्ष भी ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य 5875 रूपये पर चने की खरीदी की जा रही है। अभी तक 203 कृषक सदस्य 2100 क्विंटल 1 करोड़ 23 लाख रुपए का चना बेच चुके हैं। इससे सहकार से समृद्धि लाने में आवश्यक मदद होगी। किसानों की आय दोगुनी के साथ-साथ सहकारी समिति में भी आय के रास्ते खुलेंगे। धूप को देखते हुए सुबह से ही चने की खरीदी की जा रही है। यह जानकारी समिति प्रबंधक नरेंद्र कुमार साहू ने दी है।

## बंजारी में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम बंजारी में श्रीमद भागवत महापुराण का आयोजन 4 से 11 अप्रैल तक किया गया है। कथावाचक पं. सुरेशनारायण व्यास बंजारी हैं। उन्होंने पांचवें दिन की कथा में श्री कृष्ण अवतार, भगवान का मीन अवतार, राजा हरिश्चन्द्र एवं गंगा उत्पति की कथा बताई।

कथा में कहा कि द्वापर युग में कंस के अत्याचारों को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए भगवान कृष्ण ने अवतार लिए। वे भगवान विष्णु के 8वें अवतार हैं। मथुरा के कारागार में वासुदेव-देवकी के पुत्र के रूप में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी पर जन्मे कृष्ण का पालन-पोषण गोकुल में नंद यशोदा ने किया, जहां उन्होंने बाल लीलाओं से राक्षसों का वध किया।

## भाजपा की विचारधारा राष्ट्र हित पर आधारित : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों तक सभी में विशेष उत्साह नजर आया। इस आयोजन ने न केवल कार्यकर्ताओं को एकजुट किया, बल्कि आसपास के नागरिकों में भी देशभक्ति और संगठन के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक प्रबल किया है। आगे कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहित, सेवा और समर्पण पर आधारित है, जो हर कार्यकर्ता को समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरित होकर कार्य करता है, यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## स्थापना दिवस पर भाजपा में युवाओं की एंट्री से सियासी हलचल



- सैकड़ों युवाओं ने लिया संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर शहर में आयोजित सदस्यता अभियान में युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन एवं ओमेश यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जिला संगठन प्रभारी डॉ. किरण बघेल, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, महेन्द्र पंडित, राकेश साहू, विनय जैन, मिश्री पटेल, मोनिका देवांगन, अमन राव, अनीता यादव, शुभम जायसवाल, अविनाश दुबे, मिथिलेश सिन्हा, अतुल साहू, जितेश सिन्हा, राघवेंद्र साहू, देवेश साहू, तुषार साहू, डोमेश्वर साहू, आदित्य भोसले, आयुष दीवान सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्काउट-गाइड संघ ने खोला प्याऊघर

**कुरूद।** भीषण गर्मी को देखते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ कुरूद ने हनुमान जयंती के अवसर पर नया बस स्टैंड और तहसील कार्यालय परिसर में शीतल पेयजल प्याऊघर शुरू किया। अध्यक्ष मनीष साहू और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार साहू सहित अतिथियों ने उद्घाटन किया।

### निधन : अनामिका पटेल



**कुरुद।** ग्राम बारना निवासी अनामिका पटेल 21 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे नंदू पटेल श्रीमती नंदनी पटेल की पुत्री व झालेंद्र पटेल की बहन थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए और श्रद्धा सुमन अर्पित किए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### साढ़े 6 लीटर महुआ शराब बरामद

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत ग्राम में पुलिस ने 6 अप्रैल को छापामार कार्रवाई करते हुए शराब कोचिया को पकड़ा और उसके कब्जे से महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी सरोना निवासी 44 वर्षीय बिसू कोर्राम पिता गन्नू राम अपने कब्जे में साढ़े 6 लीटर महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ था और ग्राहक की तलाश में था। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बर्ड वाटर मिशन से प्यासे पक्षियों की बूझेगी प्यास

**कांकेर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कांकेर वॉलंटियर्स द्वारा एक सराहनीय और संवेदनशील पहल करते हुए बर्ड वाटर मिशन का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में प्यास से जूझ रहे पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना और उनके जीवन की रक्षा करना है। संस्था के सदस्यों ने इस मौके पर बताया कि अपने घरों की छत, आंगन, बालकनी या आसपास के सुरक्षित स्थानों पर पानी से भरे बर्तन रखें और नियमित रूप से उन्हें भरते रहें। इस अभियान के अंतर्गत लोग इस नेक कार्य में भाग लेकर उसकी फोटो साझा कर सकते हैं और सत्यापन के बाद प्रतिभागियों को कांकेर वॉलंटियर्स की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### घायल ने इलाज के दौरान तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए सरंगपाल निवासी चंद्रधर पटेल पिता जीवन लाल पटेल का 6 अप्रैल को मौत हो गई है। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत उड़कुड़ा निवासी दीपक उसेंडी पिता जानुराम का इलाज के दौरान 6 अप्रैल को मौत हो गई। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

एसपी ने समीक्षा बैठक में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जुआ-सट्टा को समाप्त करने जीरो टॉलरेंस नीति लागू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश के दौरान अधिक से अधिक गुम व्यक्तियों को खोजना पहली प्राथमिकता रहेगी। वहीं जुआ सट्टा को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति बनाई गई है।

जिले में बढ़ते अवैध कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए धमतरी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने अपराध समीक्षा बैठक में जुआ-सट्टा गतिविधियों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने को कहा है।

बैठक में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जुआ-सट्टा में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और किसी भी स्तर पर उन्हें संरक्षण न दिया जाए। अवैध कारोबारियों को चेतावनी दी गई है कि वे अपनी गतिविधियां तत्काल बंद करें, अन्यथा उनके खिलाफ लगातार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन तलाश की समीक्षा करते हुए एसपी ने गुमशुदा व्यक्तियों विशेषकर बच्चों और महिलाओं की शीघ्र एवं सुरक्षित खोज को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। थाना स्तर पर टीमों को और अधिक सक्रिय करने, सोशल मीडिया व तकनीकी संसाधनों का उपयोग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस अभियान में बेहतर कार्य करने वाले थानों के लिए पुरस्कार की भी घोषणा की गई है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चतुर्वेदी, एसडीओपी रागिनी मिश्रा, विपिन रंगारी, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव सहित जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अभियान से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।




#### ऑपरेशन निश्चय की समीक्षा

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत गठित 30 टीमों के कार्यों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने टीमों के प्रदर्शन, सूचना संकलन, समन्वय और कार्रवाई की गति का मूल्यांकन करते हुए और अधिक प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए।

#### असामाजिक तत्वों पर नजर

बैठक में आदतन अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, खुफिया तंत्र को सक्रिय करने और तकनीकी संसाधनों के अधिक उपयोग पर बल दिया गया। सभी टीमों को फील्ड में सक्रिय रहकर आमजन से संवाद बढ़ाने और सूचनाएं एकत्रित करने के निर्देश दिए गए।

# प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मांगा केंद्रीय वेतनमान

- अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें कर्मचारियों ने केंद्र के समान वेतनमान एवं सुविधाएं लागू करने की मांग उठाई है।

नगर पंचायत नगरी में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर उनके स्थान पर 4 नए श्रम संहिता (लेबर कोड) लागू किए गए हैं। इन नए श्रम कानूनों के तहत कर्मचारियों को बेहतर वेतनमान, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान है।

इसके बावजूद छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक इन नियमों का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वे न्यूनतम वेतन पर कार्य कर रहे हैं, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना कठिन होता जा रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि 1 अप्रैल 2026 से देश के कई राज्यों में नए श्रम कानूनों के तहत वेतनमान लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

प्लेसमेंट कर्मचारियों ने शासन से मांग की है कि नए श्रम कानूनों के तहत केंद्रीय दर पर वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं शीघ्र लागू की जाएं, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से राहत मिल सके।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इस दौरान अध्यक्ष खेमलाल निषाद, प्रदेश महामंत्री शरदचंद पांडेय, उपाध्यक्ष ईश्वर दास कुलदीप, धनराज सेनवानी, दिलेश्वर कुमार साहू, सहसचिव प्रवीण सोम, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साहू, जीवन लाल साहू, सलाहकार ईश्वर दास कुलदीप, दिलेश्वर कुमार साहू, प्रवक्ता दिलेश्वर कुमार साहू, मीडिया प्रभारी सतीश कुमार यादव, कमल नारायण सिन्हा, संगठन मंत्री रामरतन अम्बेतिया, योगेश कुमार निषाद, रामकुमार नेताम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## रामपुर वार्ड में गंदे पानी की सप्लाई, लीकेज तलाशने सभापति ने खुद संभाली कमान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रामपुर वार्ड में गंदे पानी की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्थल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य की निगरानी करते हुए मौके पर ही डटे रहे।

समस्या के समाधान के लिए निगम की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर गड्ढे खोदकर पाइपलाइन की जांच की जा रही है। आशंका है कि कहीं पाइपलाइन में लीकेज के कारण गंदा पानी सप्लाई में मिल रहा है। हालांकि अब तक लीकेज का सटीक स्थान चिन्हित नहीं हो पाया है, जिससे समस्या पूरी तरह दूर नहीं हो सकी है।





इसके बावजूद निगम की टीम लगातार प्रयास में जुटी हुई है और समस्या के जल्द समाधान का भरोसा दिलाया गया है। सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आमजनों को मिली सुविधाओं की सौगात



- विधायक ने टिन शेड और पुल निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ग्राम भिड़ावार (मोंगरागहन) में आयोजित टिन शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि टिन शेड निर्माण से ग्रामवासियों को विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। इस प्रकार के निर्माण कार्य गांवों की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करते हैं और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।

इसी क्रम में विधायक ओंकार साहू ग्राम कोहका (अकलाडोंगरी) में पुल निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पुल निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आवागमन सुगम होगा और स्थानीय ग्रामवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। पुल के निर्माण से आसपास के गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। मौके पर ब्रजेश जगताप जनपद सदस्य, जयंत नेताम जनपद सदस्य, तानाजी राव रणसिंह, श्रीमती वेदबाई कुमेटी सरपंच, अम्बिका सिन्हा जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, सुनीता साहू जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, रमेश कौशिक, मोती यादव, अश्फाक खान, सुमन मेश्राम पार्षद नगर निगम, अशोक कुमेटी समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में 160 मरीज लाभान्वित

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टर्स एसोसिएशन जिला धमतरी, गीता इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र इर्रा, सीजीआर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र कोर्रा तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। लगभग 160 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। बॉडी पैरामीटर जांच कर बॉडी फैट से होने वाली बीमारियों से अवगत कराया गया। ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन व शुगर की भी निःशुल्क जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूर्यकांत साहू सरपंच इर्रा थे। अध्यक्षता डॉ अजय साहू ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश्वर साहू, श्रीमती यामिनी चुम्मन साहू थे। वक्ताओं ने बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी और होम्योपैथी दोनों अलग-अलग चिकित्सा पद्धति है। इलेक्ट्रो होम्योपैथी का आविष्कार डॉ काउंट सीजर मैटी जबकि होम्योपैथी का आविष्कार डॉ सैमुएल हैनिमेन ने किया। इलेक्ट्रो होम्योपैथी में केवल 38 मेडिसिन से सभी बीमारियों को ठीक किया जाता है जो बिजली की तरह तुरंत व त्वरित प्रभाव डालती है। इसलिए इसका नाम इलेक्ट्रोहोम्योपैथी नाम पड़ा।

# नगर निगम ने अभियान चलाकर 45 मवेशी पकड़े



- अंबेडकर चौक से अर्जुनी चौक तक तथा अंबेडकर चौक से रुद्री रोड मार्ग पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों से आमजनों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में निगम की टीम ने अंबेडकर चौक से अर्जुनी चौक तक तथा अंबेडकर चौक से रुद्री रोड मार्ग पर विशेष अभियान चलाते हुए कुल 45 मवेशियों को पकड़ा।

पकड़े गए सभी मवेशियों को सुरक्षित रूप से अर्जुनी गौठान में रखा गया है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर मवेशियों के विचरण से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिसे देखते हुए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

निगम प्रशासन ने मवेशी मालिकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें और उचित व्यवस्था करें अन्यथा निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस अभियान में निगम के श्यामू सोना, बंशी दीप, गोविंद पात्रे, कुश नायक, मुकेश साहू, अतीश मिश्रा, अश्वनी राजपूत, गोलू पटेल, धनेश सिन्हा, गिरवर सिन्हा, अमित सोना सहित अन्य कर्मचारियों की भूमिका रही।

## भैंसमुंडी में गायत्री यज्ञ का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम भैंसमुंडी (कुरूद) में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 से 10 अप्रैल तक प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में किया जा रहा है। 7 अप्रैल को कलशयात्रा निकाली गई। शाम 5 बजे संगीत प्रवचन हुआ।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिलायंस एंड फ्लोरन्स कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के विद्यार्थियों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य दिवस के थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। जिला अस्पताल के प्रांगण में रंगोली, पोस्टर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



इस अवसर पर नर्सिंग के छात्रों ने मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर महाविद्यालयीन स्टाफ श्रीमती आरती साहू, वंदना साहू, देवेश साहू उपस्थित थे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार लाल के मार्गदर्शन में हुआ।



## मड़ाईभाठा में स्टॉप डेम निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंचायत मड़ाईभाठा में स्टॉप डेम निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। अन्य अतिथि सरपंच चंद्रेश वीरेन्द्र चांद, अमन राव, मुरारी यदु, मिश्री पटेल, उपसरपंच मन्नूलाल ध्रुव थे।

इस दौरान महापौर रामू रोहरा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। स्टॉप डेम निर्माण से न केवल वर्षा जल का संचयन होगा, बल्कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एवं नगर निगम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहें और इस स्टॉप डेम का सही उपयोग एवं संरक्षण करें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। मौके पर कमलेश यदु, नानकचंद साहू, रामजी यादव, रमन पारकर, किशन साहू, धर्मेन्द्र साहू, मनोज साहू समेत अन्य उपस्थित थे।






तकनीकी खराबी के कारण मिस्ड कॉल और ऑनलाइन बुकिंग सेवाएं ठप

# सिलेंडर संकट : सर्वर ठप, ओटीपी में देरी से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बाधित होने से आमजनों की परेशानी चरम पर पहुंच गई है। सर्वर में तकनीकी खराबी के कारण मिस्ड कॉल और ऑनलाइन बुकिंग सेवाएं ठप हो गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं को मजबूरन गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग गैस एजेंसियों के बाहर लाइन लगाकर खड़े रहे, लेकिन सर्वर बंद रहने के कारण घंटों इंतजार के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पाया। दोपहर बाद सर्वर चालू होने पर भी एक बुकिंग पर्ची निकालने में करीब आधा घंटा लग रहा है, जबकि पहले यह प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती थी।

स्थिति इतनी गंभीर है कि बुकिंग के 24 घंटे बाद भी उपभोक्ताओं को ओटीपी नहीं मिल पा रहा है। नए गैस कनेक्शन जारी करने पर फिलहाल रोक लगा दी गई है, वहीं एक कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सिलेंडर भी नहीं दिया जा रहा। उज्ज्वला योजना के तहत नए पंजीयन भी बंद कर दिए गए हैं।

उपभोक्ताओं की परेशानी साफ झलक रही है। मनोज चंद्राकर और विशाल देवांगन ने बताया कि दो दिन पहले बुकिंग के बाद भी ओटीपी नहीं आया। कला बाई सिन्हा ने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग न होने के कारण खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंची, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिला।

जानकारी के अनुसार जिले में 14 गैस एजेंसियों के माध्यम से रोजाना 5 से 6 हजार सिलेंडर बुक किए जाते हैं। बढ़ती मांग के चलते सर्वर पर दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है। फिलहाल कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई भी बंद है, जिसे 4-5 दिनों में सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। इधर प्रशासन की टीम द्वारा होटलों और ढाबों में जांच कर 50 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं, जिससे कई प्रतिष्ठान बंद हो गए हैं। कुल मिलाकर गैस संकट ने आमजनों की रसोई और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर दिया है।

